भारत सरकार
पंचायती राज मंत्रालय
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या337**
दिनांक 04.02.2024 को उत्तरार्थ

## केंद्र प्रायोजित योजनाओं का कार्यान्वयन

**337. श्रीमती मंजू शर्मा:**

क्या पंचायती राज मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) देश में पंचायती राज संस्थाओं को सुदृढ़ बनाने के लिए कार्यान्वित की जा रही केन्द्र द्वारा प्रायोजित योजनाओं का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार का विचार देश में पंचायती राज को सुदृढ़ करने के लिए कोई नई योजना शुरू करने का है;और

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

पंचायती राज राज्य मंत्री

(प्रोफ.एस.पी.सिंह बघेल)

(क) पंचायती राज संस्थाओं को सुद्ढ़ करने और इस प्रकार देश के ग्रामीण क्षेत्रों में सुधार लाने के लिए, पंचायती राज मंत्रालय (एमओपीआर) वित्त वर्ष 2022-23 से राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान (आरजीएसए) की संशोधित केंद्र प्रायोजित योजना को लागू कर रहा है। इसका मुख्य उद्देश्य सभी निर्वाचित प्रतिनिधियों (ईआर) और अन्य हितधारकों को प्रशिक्षण प्रदान करके पंचायती राज संस्थाओं (पीआरआई) को मजबूत करना है ताकि नेतृत्व की भूमिकाओं के लिए उनकी शासन क्षमताओं का विकास हो सके, ग्राम पंचायतें प्रभावी रूप से कार्य कर सकें और जमीनी स्तर पर स्थानीयकरण के माध्यम से सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) को प्राप्त कर सकें।

(ख) जी नहीं।

(ग) उपरोक्त (ख) के संबंध में प्रश्न नहीं उठता।

***